# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,

इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611


पत्रांक– 175 / FP/UK/ROAD/44236/2020):देहरादूनः 17 जुलाई, 2021.

सेवा में,

प्रभारी सचिव,
वन अनुभाग–3,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः– जनपद–अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र–अल्मोड़ा के अंतर्गत कनार्टक खोला से रैलापाली एवं सरकार की आली को जोड़ते हुए विकास भवन तक सड़क निर्माण कार्य (लम्बाई 3.00 किमी0) के निर्माण हेतु 0.925 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(ऑन–लाईन पत्रावली संख्या– FP/UK/ROAD/44236/2020)

संदर्भः– वन अनुभाग–3, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या 1243/X-3-20/1(141)/2020 दिनांक 15–10–2020.

महोदय,

कृपया शासन के उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिससे विषयांकित प्रकरण में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत कतिपय शर्तों के तहत सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा, के पत्रांक 6634/12–1(2) दिनांक 21–06–2021 **(संलग्नक–1)** द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति की अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है, जो निम्न प्रकार से प्रेषित की जा रही हैः–

1. **शर्त संख्या–1** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित स्थल के आस–पास रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रख–रखाव हेतु आवश्यक धनराशि रूपये 7,26,000.00 (सात लाख छब्बीस हजार रूपये ) मात्र की धनराशि कैम्पा कोष में जमा कर दी गयी है।

2. शर्त संख्या–2 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा एन0पी0वी0 (शुद्ध वर्तमान मूल्य) की धनराशि रूपये 6,07,725.00 (छः लाख सात हजार सात सौ पच्चीस रूपये) मात्र की धनराशि कैम्पा कोष में जमा कर दी गयी है।

3. शर्त संख्या–3 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा एन0पी0वी0 की बढ़ी हुयी धनराशि जमा किये जाने सम्बन्धित बचनबद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है। **(संलग्नक–2)**

4. शर्त संख्या–4 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित स्थल के आस–पास रिक्त पड़े स्थानों पर नियमानुसार वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों के रख–रखाव हेतु आवश्यक धनराशि रू 7,26,000.00 (सात लाख छब्बीस हजार हजार) मात्र एवं एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 6,07,725.00 (छः लाख सात हजार सात सौ पच्चीस) मात्र अर्थात् कुल रू 14,06,325.00 (चौदह लाख छः हजार तीन सौ पच्चीस मात्र) की धनराशि कैम्पा कोष में ऑनलाईन जमा करा दी गयी है। ऑनलाईन Paid status की प्रति संलग्नक है। **(संलग्नक–3)**

5. शर्त संख्या–5 के अनुपालन में भू–वैज्ञानिक के सुझावों का कड़ाई से पालन करने सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न है। **(संलग्नक–4)**

6. शर्त संख्या–6 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित है। **(संलग्नक–5)**

क्रमशः–2